भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-562

जिसका उत्तर 21 नवम्बर, 2016 को दिया जाना है ।

अंतरराज्यीय विद्युत पारेषण के लिए पृथक संगठन

562. डॉ. प्रदीप कुमार बालमुचूः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार अंतरराज्यीय विद्युत पारेषण तंत्र की योजना की जिम्मेदारी सौंपने के लिए पृथक रूप से संगठन बनाने पर विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं खान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख) : जी, हाँ। सरकार ने प्रचालनात्मक और वित्तीय स्वायत्तता वाली समर्पित कम्पनी के रूप में पृथक निकाय के सृजन पर विचार किया है, जो अन्य कार्यों के साथ सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी (सीटीयू) के वैधानिक कार्यों का निवर्हन करेगी, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ विद्युत प्रणाली आयोजना शामिल है।

इस प्रकार के निकाय के सृजन का प्रस्ताव वर्तमान में प्रारम्भिक चरण में है।

****